''और उन्होंने समझा''
(21:26-40)

पिन्तेकुस्त का दिन बीत चुका था परन्तु यरूशलेम में पर्व मनाने के लिए संसार भर से आए लोगों से गलियां भरी पड़ी थीं।[1] कई घर जाने के लिए रास्ते के लिए सामग्री खरीद रहे थे। अन्य अपने उन मित्रों के साथ मिलने का, जिन्हें उन्होंने अगले साल तक नहीं मिलना था, अन्तिम आनन्द ले रहे थे। कुछ लोग उस नगर को छोड़कर जाना ही नहीं चाहते थे जिसे वे ''परमेश्वर का नगर'' कहते थे। अन्य लोग नगर के उत्तर-पूर्व में, जहां वह विशाल मन्दिर था, अपने घातक उद्देश्य से देर लगा रहे थे। उनकी दुष्ट आंखें पौलुस के हर कदम को गौर से देख रही थीं कि कब उन्हें उसे हानि पहुंचाने का कोई बहाना मिल जाए। जल्दी ही उन्हें वह बहाना मिल जाना था जिससे पौलुस ने अपने जीवन के सबसे ख़तरनाक पलों में से एक का सामना करना था।

हमारे पाठ का सार प्रेरितों 21:29 में मिलता है: ''उन्होंने तो इससे पहिले त्रुफिमुस इफिसी को उसके साथ नगर में देखा था, *और समझते थे,* कि पौलुस उसे मन्दिर में ले आया है।'' उन्होंने नगर में एक गैर यहूदी को पौलुस के साथ देखा और बाद में उन्होंने पौलुस को मन्दिर में कई लोगों के साथ देखा, ''और समझते थे'' कि वह गैर यहूदियों को मन्दिर में लेकर आया! हम कहेंगे कि वे ''इस निष्कर्ष पर पहुंचे।'' कई अनुमान केवल थोड़ा सा परेशान करते हैं, परन्तु प्रेरितों 21 के अनुमानों से पौलुस की जान जा सकती थी। हम उस बीते समय के अनुमानों और आज के कुछ अनुमानों पर नज़र डालना चाहते हैं जो आज भी उतने ही ख़तरनाक हैं।

तब के ख़तरनाक अनुमान

(21:26-40)

यरूशलेम के प्राचीनों द्वारा पौलुस को उन चार व्यक्तियों की नाज़ीर की मन्नत पूरा करने के संस्कार में शामिल होने और उनका खर्चा उठाने की चुनौती मिली थी। स्पष्टत:, उन चार व्यक्तियों ने अपने आपको अशुद्ध कर लिया था और उन्हें खर्चीले, सात दिनों के शुद्धीकरण की प्रक्रिया से होकर गुज़रना था। कुछ अस्पष्ट कारणों से पौलुस ने उनकी बात मान ली और ''उन मनुष्यों को लेकर, और ... उनके साथ शुद्ध होकर मन्दिर में गया, और

बता दिया, कि शुद्ध होने के दिन, अर्थात उनमें से हर एक के लिए चढ़ावा चढ़ाए जाने तक के दिन कब पूरे होंगे'' (आयत 26)। हर रोज़ पौलुस मन्दिर के अन्दर और बाहर शुद्धीकरण की रस्मों का प्रबन्ध करने और उनमें भाग लेने के लिए आता-जाता रहा।

एक ख़तरनाक अनुमान

''जब वे सात दिन पूरे होने वाले थे तो आसिया के यहूदियों ने पौलुस को मन्दिर में'' (आयत 27क) देखा। ये लोग शायद इफिसुस से थे, जहां पौलुस ने हाल ही में लगभग तीन वर्ष तक काम किया था। उन यहूदियों ने उसके प्रचार को नकार दिया था (19:8, 9), बार-बार उसके विरुद्ध षड्यन्त्र रचे थे (20:18, 19), और यहां तक कि इस प्रेरित को जान से मारने के लिए दंगा भड़काने में योगदान दिया था (19:33), परन्तु उनके सब प्रयास व्यर्थ हो गए। अब उन्हें उससे छुटकारा पाने का अवसर मिला।[2]

''उन्होंने तो इस से पहिले त्रुफिमुस इफिसी को उसके साथ नगर में देखा था'' (21:29क)। त्रुफिमुस उन गैर यहूदियों में से एक था जो विशेष चन्दा लेकर पौलुस के साथ यरूशलेम में गए थे (20:4)। वह इफिसुस से था, इसलिए एशियाई यहूदियों ने उसे देखकर पहचान लिया होगा। अब वे ''समझते थे, कि पौलुस उसे मन्दिर में ले आया है'' (21:29ख)।



मन्दिर

यह समझने के लिए कि यह अनुमान ख़तरनाक क्यों था, हमें मन्दिर के बारे में कुछ तथ्यों की जानकारी होनी आवश्यक है।[3] इस पद में यूनानी शब्द *heiron* का अनुवाद ''मन्दिर'' हुआ है, जो मन्दिर के पवित्र भाग के लिए प्रयुक्त होता है। गैर यहूदियों को मन्दिर के प्रांगण के उस भाग में जाने की अनुमति थी जिसे अन्यजातियों का आंगन कहा जाता था, पर उन्हें उसके आगे जाने की अनुमति *नहीं* थी। अन्यजातियों के आंगन से पवित्र आंगनों में जाने वाले प्रत्येक प्रवेश द्वार पर एक चेतावनी लिखी होती थी: ''किसी अन्य जाति का कोई व्यक्ति मन्दिर के आस-पास के घेरे और अहाते के आस-पास प्रवेश न करे, पकड़े जाने पर अपनी मृत्यु का दोषी वह स्वयं होगा।''[4] यहूदियों के लिए बड़ी रियायत के रूप में, रोमियों ने मन्दिर की पवित्रता को भंग करने वाले किसी भी व्यक्ति को उसी समय मार देने का मन्दिर के अधिकारियों को अधिकार दे रखा था, चाहे वह रोमी नागरिक ही क्यों न हो। यदि पौलुस किसी गैर यहूदी को पवित्र आंगन में ले गया था, तो उसकी सज़ा मृत्यु दण्ड थी!

एशियाई यहूदियों के पास यह अनुमान लगाने का कोई कारण नहीं था कि पौलुस ने मन्दिर को अपवित्र किया था और न ही हमारे पास है। व्यवस्था का पालन करवाने वालों को चिढ़ाने की कोशिश करने वाला व्यक्ति ऐसा तब तक नहीं करेगा जब तक वह मूर्ख न हो, और पौलुस मूर्ख नहीं था।[5] परन्तु, जब आप किसी से घृणा करते हैं, तो आप उसके बारे में बुरी से बुरी बात मानने को तैयार रहते हैं।

''आसिया के यहूदियों ने पौलुस को मन्दिर में'' देखकर देमेत्रियुस नामक एक इफिसी साथी की तरह चालाकी सीखकर ''सब लोगों को उकसाया'' (आयत 27ख)[6] ''और यों चिल्लाकर उसको पकड़ लिया। कि हे इस्राएलियो, सहायता करो!'' (पद 27ग, 28क)। यदि पौलुस सचमुच त्रुफिमुस को पवित्र आगनों में ले जाने का दोषी था, तो उन्हें चाहिए था कि सहायता के लिए मन्दिर के पहरेदारों को बुलाते। उन अधिकारियों के पास पौलुस और किसी अन्य गैर यहूदी घुसपैठियों को गिरफ्तार करके कत्ल करने का अधिकार था। इसके स्थान पर इफिसुस के यहूदियों ने यह संकेत देते हुए कि उन्हें मालूम था कि उसके विरुद्ध कोई वास्तविक मामला नहीं है, सहायता के लिए भीड़ से कहा।

जब उन्होंने पौलुस पर हाथ डाला, तब वह सम्भवत: स्त्रियों के आंगन में था। उस आंगन के दक्षिण-पूर्वी कोने में कमरे थे जहां पर नाज़ीर की मन्नत पूरी करने वाले लोग ठहरते थे। एशियाई यहूदी इस प्रेरित को पकड़कर चिल्लाने लगे, ''यह वही मनुष्य है, जो लोगों के,[7] और व्यवस्था के, और इस स्थान के विरोध में हर जगह सब लोगों को सिखाता है, यहां तक कि यूनानियों[8] को भी मन्दिर में लाकर उसने इस पवित्र स्थान को अपवित्र किया है'' (आयत 28ख)।[9]

यहूदियों के लिए तीन बातें पवित्र थीं अर्थात उनकी जाति, उनका शास्त्र और उनका मन्दिर। पौलुस पर पहले का अपमान करने, दूसरे को व्यर्थ बताने और तीसरे को अशुद्ध करने का आरोप लगा था।[10] कालान्तर में इन आरोपों से यहूदियों को अच्छा लाभ मिला था;

यीशु (मरकुस 14:56-64; यूहन्ना 2:19) और स्तिफनुस (प्रेरितों 6:11, 13, 14) पर भी यही आरोप लगाए गए थे। दोनों ही मामलों में, आरोपियों को मृत्यु दण्ड दिया गया था।

भीड़ से खचाखच भरी गलियों में यह ख़बर जंगल की आग की तरह फैल गई थी: ''तब सारे नगर में कोलाहल मच गया, और लोग दौड़कर इकट्ठे हुए'' (प्रेरितों 21:30क)। कुछ देर पहले पिन्तेकुस्त के दिन सारे यरूशलेम से लोग प्रेरितों का प्रचार सुनने के लिए आ गए थे। अब अर्थात सत्ताइस वर्षों बाद, लोग मन्दिर में एक प्रेरित की मौत को देखने के लिए इकट्ठे हो गए।

''और पौलुस को पकड़कर मन्दिर के बाहर घसीट लाए,'' (आयत 30ख) अन्य शब्दों में, वे उसे मन्दिर के पवित्र भाग से अन्यजातियों के आंगन में ले आए।[11] यह कलीसिया के किसी सदस्य को आराधना के दौरान आराधना स्थल से खींचकर ले जाने जैसा ही था। वे उसे स्त्रियों के आंगन से घसीटकर लाए, क्योंकि यदि वे उसे पवित्र भूमि पर मार देते, तो उसका लहू मन्दिर को दूषित कर देता (ध्यान दें 2 राजा 11:15, 16; 2 इतिहास 24:21)। एक निर्दोष व्यक्ति को मारने से तो वे हिचकिचाए नहीं, परन्तु सम्पत्ति के एक टुकड़े को गंदा नहीं करना चाहते थे।

उनके कामों की व्याख्या करने के बाद, लूका ने यह टिप्पणी जोड़ी: ''और तुरन्त द्वार बन्द किए गए'' (आयत 30ग)। शायद ये शब्द केवल विस्तार से बताने के लिए ही थे; हो सकता है कि स्त्रियों के आंगन को और दूषित होने से रोकने या आराधकों को और परेशानी से बचाने के लिए पहरेदारों ने मन्दिर के द्वार बन्द कर दिए हों। परन्तु, बहुत से टीकाकारों को इन शब्दों में सांकेतिक महत्व दिखाई देता है।

> स्वयं लूका के लिए, यह पल आया होगा जब यरूशलेम के मन्दिर को उसके दोहरे इतिहास में मिलने वाला सम्मान भंग हो गया। किसी समय उसके नाम से जाना जाने वाले घर से परमेश्वर के संदेश तथा संदेशवाहक के निकल जाने से उसका अन्त निश्चित हो गया: अब यह उस विनाश के लिए तैयार था जिसकी भविष्यवाणी यीशु ने बहुत वर्ष पहले की थी (लूका 21:6)।[12]

> फाटकों के बन्द होने की क्रिया का सांकेतिक अर्थ यह था कि अन्यजाति मसीही कलीसिया [के एक भाग] और 70 ईस्वी के बाद यहूदी मसीही गुट में मन्दिर का कोई महत्व नहीं रह जाना था।[13]

एक गड़बड़ भरा अनुमान

जिस आरोप में पौलुस को पकड़ा गया था यदि वह उसके लिए दोषी होता, तो उसे पहरेदारों द्वारा नगर से बाहर जाकर पथराव करके मारा जाना चाहिए था (प्रेरितों 7:58; देखिए लैव्यव्यवस्था 24:10-14)। इसके विपरीत, भीड़ उसे निर्दयतापूर्ण व क्रोध में पागल होकर मारने लगी (प्रेरितों 21:32)। पौलुस के पास जीवित बचने के लिए केवल

कुछ मिनट ही शेष थे जब परमेश्वर ने उसके प्राणदण्ड को रोकने के लिए हस्तक्षेप किया। विडम्बना की बात यह है कि, परमेश्वर ने धार्मिक लोगों को हराने के लिए अधार्मिक शक्ति का प्रयोग किया।[14] ''जब वे उसे मार डालना चाहते थे, तो पलटन के सरदार को सन्देश पहुंचा कि सारे यरूशलेम में कोलाहल मच रहा है'' (आयत 31)।

साधारण तौर पर फिलिस्तीन और विशेष तौर पर यरूशलेम रोमी सेना के लिए बड़ा सिरदर्द बना हुआ था। उस क्षेत्र के प्रबन्ध का अवसर मिलने की तुलना खौलते हुए ज्वालामुखी के ऊपर बैठने का सम्मान पाने से की जा सकती है। प्रमुख त्यौहारों के दौरान जब यरूशलेम लाखों यहूदियों से भरा होता था, से अधिक अस्थिर परिस्थिति कभी भी नहीं होती थी। ऐसे अवसरों पर, किसी विकट परिस्थिति से निपटने के लिए नगर अतिरिक्त सैनिक बलों से घिरा होता था।

उन बलों को अन्टोनियो के किले में ठहराया जाता था, जो मन्दिर के उत्तर-पश्चिमी कोने में था। यह एक पुरातन यहूदी किला था जिसका पुनर्निर्माण करके हेरोदेस महान ने अपने रोमी मित्र तथा संरक्षक मार्क एंटनी के सम्मान में उसका नाम रखा था। किला मन्दिर से ऊंचा था, लगभग पचास फुट था तथा इसमें स्थित बुर्ज इससे भी पचास फुट ऊंचे थे। चौकीदार वहां से मन्दिर के सभी क्षेत्रों के अलावा नगर के अधिकतर भाग पर भी नज़र रख सकते थे।

सुरक्षा का कार्य स्थानीय अधिकारी क्लौदियुस लूसियास (23:26) के पास था जो एक हज़ार सैनिकों पर हाकिम था।[15] उस दिन उसी ख़बर ने उसको परेशान कर दिया था जिसका उसे सबसे अधिक डर था: ''सारा यरूशलेम उलझन में [है]!''[16] किला मन्दिर के बाहर के आंगन से दो सीढ़ियों से जुड़ा हुआ था। जल्दी से आदेश देते हुए, वह सीढ़ियों की ओर दौड़ा: ''तब वह तुरन्त सिपाहियों और सूबेदारों को लेकर उन के पास नीचे दौड़ आया'' (21:32क)।

सैकड़ों सैनिकों के दल को देखकर[17] भीड़ एक क्षण के लिए ठिठुर गई: ''और उन्होंने पलटकर सरदार को और सिपाहियों को देखकर पौलुस को मारने पीटने से हाथ उठाया'' (21:32ख)। क्लौदियुस जिसने दंगा नियन्त्रण में शिक्षा प्राप्त की थी, स्थिति को झट से भांप लिया। उसने देखा कि भीड़ का क्रोध एक मारे-पीटे लहूलुहान आदमी पर था। जल्दी से, उसने उस आदमी की सुरक्षा के लिए नहीं परन्तु दंगा शांत करने के लिए ''पास आकर उसे पकड़ लिया'' (आयत 33क)।[18] यह मानकर कि उस आदमी के कारण उन्माद उठा था,[19] उसने अपने दो सिपाहियों को उसे ''दो जंजीरों से बान्धने की आज्ञा'' दी (आयत 33ख)। इससे वह भविष्यवाणी पूरी हो गई कि यरूशलेम में बन्धन पौलुस की प्रतीक्षा कर रहे थे (20:22, 23; 21:10, 11)।[20]

यह जानते हुए कि उसे इस घटना की रिपोर्ट देनी पड़ेगी,[21] पलटन का सरदार (कमांडर) ''पूछने लगा, यह कौन है, और इसने क्या किया है'' (21:33ग)।[22] इससे हमें भीड़ के गलत अनुमान का पता चलता है: ''परन्तु भीड़ में से कोई कुछ और कोई कुछ चिल्लाते रहे'' (आयत 34क)।[23] बहुतों को यह पता ही नहीं था कि पौलुस पर क्या आरोप लगा

था, परन्तु उन्होंने अनुमान लगाया होगा कि यह इस हलचल का कोई ख़तरनाक कारण होगा। वे इस कहावत से सहमत होंगे ''जहां धुआं है, वहां आग होगी ही।''

जल्दी ही यह भी स्पष्ट हो गया कि अधिकारी को जांच से कुछ भी सहायता नहीं मिलनी थी। ''और जब हुल्लड़ के मारे ठीक सच्चाई न जान सका,[24] तो उसे गढ़ में ले जाने की आज्ञा दी'' (आयत 34ख) जहां बन्दी बनाकर उससे पूछताछ की जा सकती थी। पौलुस अब रोम का कैदी था; प्रेरितों के काम के अन्त तक उसने एक कैदी ही रहना था।

जब पौलुस की सुरक्षा करने वाले सीढ़ियों की ओर जाने लगे, तो खूनी भीड़ यह देखकर कि उनका शिकार सुरक्षित हो रहा है, हिंसक हो उठी। चौकस सिपाही पौलुस को उठाकर[25] भीड़ में से दूसरे स्थान पर ले गए (आयत 35)।[26] लोग गुहार करने लगे, ''कि उसका अन्त कर दो'' (आयत 36ख)। उनके कहने का भाव था: ''... कि ऐसे मनुष्य का अन्त करो; उसका जीवित रहना उचित नहीं!'' (22:22ख)। उस स्थान से कुछ ही कदम दूर, एक और भीड़ ने यीशु की मृत्यु की मांग करने के लिए इन्हीं शब्दों का प्रयोग किया था![27]

एक संदेहपूर्ण अनुमान

जब वे सीढ़ियों के ऊपर जा पहुंचे, तो प्रेरित ने पहली बार बात की।[28] ''जब वे पौलुस को गढ़ में ले जाने लगे थे, तो उसने पलटन के सरदार से कहा; क्या मुझे आज्ञा है कि मैं तुझ से कुछ कहूं?'' (आयत 37क)। इतनी गड़बड़ी में भी यह आदमी शांत था[29] और अपने ही लहू से सना हुआ था, उसने सैनिक शिष्टाचार को ध्यान में रखते हुए, बोलने की आज्ञा मांगी।

पौलुस को बोलते सुनकर वह अधिकारी चौंक गया था। उसने पूछा ''क्या तू यूनानी जानता है?'' (आयत 37ख)। पता नहीं यूनानी में पौलुस के बात करने से वह हैरान क्यों हो गया था।[30] यहूदियों के लिए उस समय की विश्वव्यापी भाषा यूनानी बोलना सामान्य बात थी। शायद पौलुस द्वारा यूनानी भाषा में बात करने से बढ़कर वह उसके यूनानी उच्चारण से हैरान हुआ था; बात करने के तरीके से पौलुस उसे पढ़ा-लिखा लगा था।

फिर पलटन के सरदार ने अपना ही अनुमान बताया: ''क्या तू वह मिसरी नहीं, जो इन दिनों से पहिले बलवाई बनाकर चार हजार[31] कटारबन्द[32] लोगों को जंगल में ले गया?'' (आयत 38)। यहूदी इतिहासकार जोसेफस के अनुसार लगभग तीन साल पहले एक मिसरी मसीह होने का दावा करके (ध्यान दें मत्ती 24:26; प्रेरितों 5:36, 37) एक सेना को जैतून के पहाड़ के ऊपर ले गया था। उसने धमकी दी थी कि वह यरीहो की दीवारों की तरह यरूशलेम की दीवारों को भी गिरवा देगा, जिसके बाद वह और उसकी सेना रोमियों से नगर को छीन लेगी। रोमी राज्यपाल, फेलिक्स ने विद्रोहियों पर हमला किया था और चार सौ विद्रोही मारे गए थे तथा दो सौ को बन्दी बना लिया था परन्तु वह मिसरी स्वयं बच निकला था। तब से उसका नाम रोमियों की ''वांछित'' अर्थात मोस्ट वांटेड लोगों की सूची में सबसे ऊपर था। स्पष्टत: इस अधिकारी को लगा कि वह उपद्रवी

उसके हाथ लग गया है।

पौलुस ने जल्दी से उसे आश्वासन दे डाला कि जिस आदमी को वे अधिकारी ढूंढ़ रहे हैं वह मैं नहीं हूं: ''मैं तो तरसुस का यहूदी मनुष्य हूं! किलिकिया के प्रसिद्ध नगर का निवासी हूं'' (21:39क)।[33] यहूदी होने के कारण, उसे मन्दिर में जाने का अधिकार था। तरसुस के एक नागरिक के रूप में जो कि सांस्कृतिक और राजनीतिक श्रेष्ठता वाला नगर था, वह एक ज़िम्मेदार व्यक्ति था, जो गड़बड़ी नहीं कर सकता था।

पौलुस ने दोबारा एक बिनती की जिसने उस अधिकारी को चकित कर दिया होगा: ''मैं तुझ से बिनती करता हूं, कि मुझे लोगों से बातें करने दे'' (आयत 39ख)। अगले पाठ में, हम पौलुस को सीढ़ियों पर खड़े होकर (आयत 40), नीचे खड़ी बेलगाम भीड़ को सम्बोधित करते हुए देखेंगे। अब, आइए रुक कर अनुमान लगाने के ख़तरों की व्यक्तिगत प्रासंगिकता पर विचार करते हैं।

आज के ख़तरनाक अनुमान

एशियाई यहूदी, भीड़ और रोमी पलटन का सरदार अर्थात कमांडर गलत अनुमान लगाने वाले पहले लोग नहीं थे। मरियम और यूसुफ यीशु के बिना ''यह समझकर, कि वह और यात्रियों के साथ होगा, एक दिन का पड़ाव निकल गए'' (लूका 2:44क)। पिन्तेकुस्त के दिन कइयों को लगा कि प्रेरितों ने शराब पी हुई है (प्रेरितों 2:15)। भूकंप से दारोगे की नीन्द खुली, तो उसने ''बन्दीगृह के द्वार खुले देखकर समझा कि बन्धुए भाग गए, सो उस ने तलवार खींचकर अपने आप को मार डालना चाहा'' (प्रेरितों 16:27ख)।[34]

अनुमान जितने ख़तरनाक हो सकते हैं, उतने ही चिन्ता का विषय भी। जैसे कई लोग मानते हैं कि उनका उद्धार हो जाएगा क्योंकि उनका जन्म मसीही परिवार में हुआ है (मत्ती 3:9); कई लोग ''समझते हैं कि भक्ति कमाई का द्वार है'' (1 तीमुथियुस 6:5ख)। कई लोगों को लगता है कि दूसरों का न्याय करके वे परमेश्वर के न्याय से बच सकते हैं जबकि वे स्वयं वही अपराध कर रहे होते हैं (रोमियों 2:3)।[35]

अनुमान पहली सदी में मरने वालों के साथ ही मरे नहीं थे। आज भी ख़तरनाक अनुमानों की भरमार है।[36]

सिद्धांतों सम्बन्धी अनुमान

धार्मिक जगत में पाई जाने वाली बहुत सी पूर्वकल्पनाएं विशेष दिलचस्पी की बात हैं। कुछ वर्ष पहले बॉबी डंकन ने इस पर लिखा:

> ''केवल विश्वास से उद्धार'' की शिक्षा ... इस तथ्य से निकाली जा सकती है कि कोई उन बहुत सी आयतों में से जो बताती हैं कि उद्धार विश्वास से होता है एक आयत को पढ़ लेता है और फिर उस विषय के बारे में बताई जाने वाली अन्य

आयतों पर विचार किए बिना यह निष्कर्ष निकालता है कि उद्धार केवल विश्वास से ही होता है। कोई यह पढ़कर कि ''कर्मों से उद्धार नहीं होता'' यह निष्कर्ष निकाल सकता है कि उद्धार पाने के लिए कोई कुछ नहीं कर सकता। हो सकता है कि वह यह पढ़कर कि पापियों का उद्धार मसीह के लहू से होता है, निष्कर्ष निकाल ले कि कलीसिया एक अनावश्यक संस्थान है।

हो सकता है कि वह यह पढ़कर कि ''मसीह हर किसी के लिए मरा'' यह निष्कर्ष निकाले कि सब लोगों का उद्धार हो जाएगा। शायद वह यह पढ़कर कि ''जो कोई प्रभु का नाम लेगा, वही उद्धार पाएगा'' निष्कर्ष निकाले कि उद्धार पाने के लिए जो कुछ कलीसिया के बाहर के पापी को करना है वह केवल पापों की क्षमा के लिए प्रार्थना ही है। वह उस आयत को पढ़कर जो बताती है कि विश्वासियों पर दण्ड की आज्ञा नहीं होती, यह निष्कर्ष निकाल सकता है कि मसीहियों के लिए अनुग्रह से गिरना सम्भव नहीं है ... इन सभी झूठी शिक्षाओं से निष्कर्ष निकालने से पहले सभी तथ्यों पर विचार करके ही बचा जा सकता है। ... किसी को बाइबल के किसी भी विषय पर सच्चाई तब तक नहीं मिल सकती जब तक वह उस विषय पर उस सब के बारे में नहीं पढ़ लेता जो बाइबल कहती है।[37]

लोगों सम्बन्धी अनुमान

परन्तु, हम में से बहुतों के जीवन में अधिक ख़तरनाक अनुमान वे होते हैं जो हम दूसरों के बारे में लगाते हैं। एक बार एक आदमी कुर्सी पर बैठकर अपने बगीचे से घास निकाल रहा था। पास से गुजर रहे एक आदमी को लगा कि, ''इससे ज्यादा सुस्त आदमी मैंने कहीं नहीं देखा!'' फिर उसने उस माली की कुर्सी के साथ रखे हुए बैसाखियों के एक जोड़े पर ध्यान दिया तो उसका चेहरा शर्म से लाल हो गया।

''अज़म्पशन्ज़'' शीर्षक से एक लेख में क्रिस स्मिथ ने ध्यान दिया कि हमारे मान कर चलने और सच्चाई में बहुत बड़ी खाई होती है:

> कितनी बार हम अनुमान लगाते हैं कि हमारी जानकारी सही थी, केवल बाद में पता चलता है कि हम गलत थे?
>
> *धारणा:* ''वह सोचती है कि वह हर किसी से अच्छी है।'' *सच्चाई:* वह शर्मीली है, जो चाहती है कि उसके और मित्र हों और हैरान है कि उसके मित्र क्यों नहीं हैं।
>
> *धारणा:* ''प्राचीनों ने इस सम्बन्ध में कुछ भी नहीं किया!'' *सच्चाई:* प्राचीनों ने इस सम्बन्ध में दो विशेष सभाएं कीं, बहुत प्रार्थना की, जितना अच्छा निर्णय ले सकते थे लिया और विश्वसनीयता का सम्मान करते हुए किसी को बताया नहीं।
>
> *धारणा:* ''विल्मा सचमुच परेशान है! उसने विल्बर को बताया, जिसने आगे जोस्फीन को बताया और उसने मुझे ...।'' *सच्चाई:* किसे पता है?! विल्मा से पूछो।

क्या हम अपनी जानकारी को हमेशा परख सकते हैं? शायद नहीं। इससे तो बहुत समय बर्बाद होता है। क्या हमें कोई धारणा बनाने से पहले सावधानी नहीं बरतनी चाहिए? जब यह लोगों से जुड़ी हो, तो अवश्य बरतनी चाहिए! व्यक्ति की प्रतिष्ठा इतनी मूल्यवान है कि अधूरी जानकारी, आधे सच और गप्प से खत्म नहीं होनी चाहिए।

पौलुस के मुकदमे से सम्बन्धित तथ्यों का पता चलने पर रोमी पलटन का सरदार हैरान रह गया। यदि हमें पता होता कि कैसे व्यवहार करना है तो हम भी हैरान हो सकते हैं। किसी ने लिखा है, ''जो क्रूस लोग उठाते हैं वे कभी दिखाई नहीं देते।''

बहुत समय पहले यीशु ने कहा था: ''दोष मत लगाओ, कि तुम पर भी दोष न लगाया जाए। क्योंकि, जिस प्रकार तुम दोष लगाते हो, उसी प्रकार तुम पर भी दोष लगाया जाएगा...'' (मत्ती 7:1, 2)। मैं चाहता हूं कि लोग मेरे बारे में सबसे अच्छी बात पर विश्वास करें, क्या आप नहीं चाहते? ऐसा करने के लिए मुझे हमेशा दूसरों के कामों पर अच्छी रचना करनी चाहिए (1 कुरिन्थियों 13:7), आपको भी।

सारांश

प्रेरितों 21:27-40 के दृश्यों को देखकर मुझे दो प्रकार के लोग दिखाई देते हैं: भ्रमित और समर्पित। एशियाई यहूदी, भीड़, रोमी पलटन का सरदार सब भ्रमित थे। दूसरी ओर, पौलुस किसी भी परिस्थिति में प्रभु के प्रति समर्पित था। आप किस श्रेणी में आते हैं? यदि आप भ्रमित हैं, तो मैं प्रार्थना करता हूं कि प्रभु आपको समझने की शक्ति दे और आप जितनी जल्दी सम्भव हो सके अपने सृष्टिकर्त्ता के प्रति समर्पित हो जाएं। प्रभु अभी उन लोगों का प्रार्थना-पत्र ले रहा है जो उसके लिए खड़े होना चाहते हैं, कोई चाहे कुछ भी कहता रहे!

पाद टिप्पणियां

[1]पिन्तेकुस्त का पर्व एक दिन का होता था, परन्तु दूर से आने वाले अधिकतर लोग उस एक दिन के बाद भी यरूशलेम में रह जाते थे। [2]सम्भवत: इस इकट्ठ में गलतिया, मकिदुनिया, अखया और उन सभी स्थानों के यहूदी होते थे जहां पर यहूदियों ने पौलुस की हत्या का प्रयास किया था। यदि एशिया के यहूदियों ने इस बात को नहीं उकसाया तो सम्भवत: किसी दूसरे इलाके में रहने वाले यहूदियों ने ऐसा किया होगा। यह भी सम्भव है कि वे पौलुस के पीछे यरूशलेम में इसी उद्देश्य से गए थे। [3]मंदिर पर और नोट्स के लिए, ''प्रेरितों के काम, भाग-1'' में पृष्ठ 102 देखिए। [4]''प्रेरितों के काम, भाग-2'' का पृष्ठ 153 देखिए। [5]कई लोगों ने सुझाव दिया है कि त्रुफिमुस अनजाने में पवित्र आंगन के एक भाग में भटक गया होगा। द *ऐक्ट्स ऑफ द अपोस्टल्ज़,* द टिंडेल न्यू टैस्टामेंट कमेंट्रीज़ में आई. हॉवर्ड मार्शल ने टिप्पणी की, ''यह सम्भावना कि त्रुफिमुस अपनी इच्छा से वर्जित क्षेत्र में भटक गया हो सकता है वैसी ही असम्भव लगती है जैसे सैर सपाटे के लिए कोई क्रैमलिन के निजी कमरों में भटक जाए।'' [6]सुझाव दिया गया है कि सिकन्दर तथा अन्य यहूदियों ने जो इफिसुस में अम्फी थियेटर में थे (19:33, 34) यरूशेलेम में यह दंगा भड़काया होगा। यदि ऐसा है, तो उन्होंने देमेत्रियुस से और दूसरे सुनारों से यह अच्छी तरह सीख लिया होगा। [7]यूनानी शास्त्र में

''लोगों'' ही है, परन्तु किसी यहूदी द्वारा इस शब्द के प्रयोग का अर्थ होगा ''सभी यहूदी,'' इसलिए NASB में इसका अनुवाद ''हमारे लोगों'' किया गया है। [8]ध्यान दें कि एक आदमी (त्रुफिमुस) कई आदमियों ''यूनानियों'' (बहुवचन) में बदल गया था। क्या एशियाई यहूदियों ने यह माना कि नाजीरी मन्नत पूरी करने वाले भी अन्य जाति थे? [9]सही-सही आरोपों को दिमाग में रखिए। बाद में पौलुस यहूदियों से उन आरोपों तथा अपने केस को प्रमाणित करने के लिए कहेगा (24:19)। [10]इस बात में कुछ विडम्बना है कि पौलुस पर मंदिर को दूषित करने का आरोप उस समय लगाया गया था जब वह शुद्धिकरण की प्रक्रिया में से गुज़र रहा था। सो उसने मन्दिर को दूषित *नहीं* किया होगा।

[11]नगर के उस भाग में इतनी भीड़ को समा पाने के लिए केवल अन्य जातियों का आंगन ही था। आयत 30 में ''मन्दिर'' का उपयोग उसी अर्थ में हुआ है जिसमें मन्दिर के *पवित्र* भाग के लिए पिछली आयतों में। [12]एफ.एफ. ब्रूस, *द बुक ऑफ ऐक्ट्स,* संशो. अंक। [13]साइमन जे. किस्टमेकर, *न्यू टैस्टामेंट कमैंट्री: एक्सपोज़िशन ऑफ द ऐक्ट्स ऑफ द अपोस्टल्स।* [14]यहूदी भीड़ से पौलुस को बचाने के लिए परमेश्वर ने यहां रोमियों का दूसरी बार इस्तेमाल किया (नोट 18:12-17)। चाहें, तो यह भी ध्यान दिया जा सकता है कि सरकार का उद्देश्य निर्दोष लोगों की सुरक्षा करना होता है (रोमियो 13:3, 4)। [15]लूका द्वारा प्रयुक्त यूनानी शब्दों का यही अर्थ है। [16]कई लोगों ने सुझाव दिया है कि यह खबर पौलुस के साथ रहने वाले सिर मुंडाए लोगों में से एक या अधिक ने दी। परन्तु, खबर यह नहीं थी कि ''वे एक निर्दोष व्यक्ति की हत्या कर रहे हैं,'' बल्कि यह बात कि ''सारा यरूशलेम उलझन में [है]'' सम्भवत: किले के चौकीदारों ने दी थी। [17]सरदार के साथ कम से कम दो सूबेदार होते थे, और एक सूबेदार एक सौ से अधिक लोगों पर होता था, इसलिए कम से कम दो सौ सिपाहियों को बुलाया गया था। [18]सरदार की बाद की रिपोर्ट सच्चाई को छिपा लेती है (देखिए 23:26, 27)। [19]यह एक और झूठी ''मान्यता'' है जिसे इच्छा होने पर रूपरेखा में जोड़ा जा सकता था। [20]फिर, इससे यह भविष्यवाणी पूरी हुई कि वह अन्य जातियों के हाथों में सौंपा जाएगा (21:11)।

[21]कागजी कार्रवाई नौकरशाही का मुख्य आधार रही है। 23:25-30 में उसकी अन्तिम रिपोर्ट देखिए। यह जानना आवश्यक था कि पौलुस ने क्या किया था क्योंकि, रोमी कानून के अनुसार किसी रोमी नागरिक को उसके विरुद्ध लगे आरोपों की सुनवाई के बिना कैद में नहीं रखा जा सकता था। देखिए 25:26, 27. [22]मूल शास्त्र में संकेत मिलता है कि उसने बार-बार पूछा। [23]19:32 के साथ तुलना कीजिए। [24]यदि हलचल शुरू करने वाले वहां अभी भी थे, तो या तो वे बोले नहीं, या शोरगुल में उनकी किसी ने सुनी नहीं। सुझाव दिया गया है कि सिपाहियों को आते देख वे वहां से खिसक गए होंगे। [25]शायद कमज़ोरी के कारण, पौलुस उतनी तेज़ी से नहीं चल पा रहा था जितना सिपाही चाहते थे, या शायद सिपाहियों ने इस प्रेरित को भीड़ की पहुंच से ऊंचा उठाया होगा। [26]यह अशोभनीय सवारी टोकरे में पौलुस के बचाव की तरह थी जिससे पौलुस के कष्ट को दिखाया गया (''प्रेरितों के काम, भाग 2'' के पृष्ठ 130 पर प्रेरितों 9:23-25 पर नोट्स देखिए)। [27]लूका 23:18; यूहन्ना 19:15. मैं हैरान हूं कि विश्वास करने वाले ''कई हज़ार यहूदी'' (21:20) कहां थे जब यह सब कुछ हो रहा था। विशेषकर, मैं हैरान हूं कि वे सिर मुंडाकर मन्नत मानने वाले चार लोग कहां थे। लगता है यह कोई दूसरा अवसर था जब प्रभु को छोड़ बाकी सब पौलुस को छोड़ गए थे (नोट 2 तीमुथियुस 4:16, 17)। [28]जहां तक शास्त्र बताता है यह सत्य है। [29]इन घटनाओं की तुलना स्तिफनुस के पथराव के समय की घटना से कीजिए। (''प्रेरितों के काम, भाग-2'' में पृष्ठ 28 से 32 तक नोट्स देखिए)। क्या पौलुस ने उस आदमी से कुछ सीखा था जिसकी हत्या करने में उसने सहायता की थी? [30]सम्भव है कि सरदार के लिए ये बातें ''एक प्रकाशन'' की तरह चौंकाने वाली नहीं थीं। अगले वाक्य के आरम्भ को इस प्रकार अनुवादित किया जा सकता है, ''फिर तो, तू निश्चय ही वह मिसरी है ...।'' मिसरी लोग यूनानी भाषा बोलते थे। जब पौलुस ने अरामी के बजाय यूनानी भाषा बोली, तो कमांडर ने एकदम यह निष्कर्ष निकाल लिया होगा कि वह एक मिसरी आन्दोलनकारी था जिसकी वे खोज कर रहे थे।

[31]जोसेफस ने कहा कि मिसरी 30,000 लोगों को जैतून पहाड़ के सिरे पर ले गया था। संख्या में अन्तर इसलिए हो सकता है क्योंकि जोसेफस और सरदार दो भिन्न-भिन्न घटनाओं की बात कर रहे थे। यदि कोई विरोध है, तो लगता है कि जोसेफस से रोमी अधिकारी सही था जो बढ़ा-चढ़ाकर कह सकता था। [32]मूलत:, सरदार ने कहा ''सिसारी के चार हजार मनुष्य।'' ''सिसारी'' शब्द का अर्थ ''कटार वाला'' है, लातीनी शब्द *Sica* से लिया गया जिसका अर्थ ''छोटी कटार'' है। Sicarii लोग (जैसे NASB में संकेत है) हत्यारे होते थे। वे त्यौहार के समय रोम समर्थक शत्रुओं के साथ भीड़ में घुलमिल कर चुपके से अपने शत्रुओं के कटार भोंप देते थे, फिर आतंकित भीड़ के साथ मिल जाते थे। वे उस यहूदी आन्दोलन का भाग थे जिसके कारण अन्तत: यरूशलेम का विनाश हुआ। [33]इस बार पौलुस ने यह उल्लेख नहीं किया कि वह भी एक रोमी नागरिक था (नोट 22:5)। उस समय, कोई दोहरी नागरिकता ले सकता था: स्थानीय तथा रोमी दोनों नागरिकताएं। [34]बाइबल की मान्यताओं के ऐसे ही और उदाहरणों के लिए, देखिए मरकुस 6:49; लूका 12:51; 13:2, 4; 19:11; यूहन्ना 11:31; 13:29; 20:15; प्रेरितों 14:19; 27:13. [35]बाइबल की ऐसी मान्यताओं के और उदाहरण के लिए, देखिए मत्ती 6:7. [36]प्रवचन का यह भाग विशेष स्थान पर लोगों की आवश्यकताओं के अनुसार बनाया तथा प्रचार किया जाना चाहिए। उदाहरण केवल सुझाव के लिए ही है। [37]बॉबी डंकन, ''पॉल इन द टेम्पल एण्ड इन प्रिज़न ऐट यरूशलेम,'' *स्टडीज़ इन ऐक्ट्स।*